# केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल संभाग

# KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN BHOPAL REGION
# PRE BOARD EXAM 2020-2021 (Set-3)

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE (087)

**Time Allowed: 3 HOURS** **MAX. MARKS: 80**

**General Instructions:**

1. Question paper comprises five Sections – A, B, C, D and E. There are 32 questions in the question paper. All questions are compulsory.
2. Section A – Question no. 1 to 16 are Objective Type Questions of 1 mark each.
3. Section B – Question no. 17 to 22 are short answer type questions, carrying 3 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.
4. Section C – Question no. 23 to 26 are source based questions, carrying 4 marks each.
5. Section D – Question no. 27 to 31 are long answer type questions, carrying 5 marks each. Answer to each question should not exceed 120 words.
6. Section E – Question no. 32 is map based, carrying 5 marks with two parts, 32.1 from History (2 marks) and 32.2 from Geography (3 marks).
7. There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.
8. In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.

**सामान्य निर्देश:**

1. इस प्रश्न पत्र को पांच भागों में A,B,C,D और E विभाजित किया गया है ,प्रश्न पत्र में कुल 32 प्रश्न हैं एवं सभी प्रश्न अनिवार्य है|
2. भाग अ -प्रश्न संख्या 1 से 16 तक बहु विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।
3. भाग ब -प्रश्न संख्या 17 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है।इसमे से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
4. भाग स -प्रश्न संख्या 23 से 26 तक स्रोत आधारित प्रश्न हैं | प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है।
5. भाग द -प्रश्न संख्या 27 से 31 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है।इसमे से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक का नहीं होना चाहिए।
6. भाग य -प्रश्न संख्या 32 मानचित्र प्रश्न है प्रश्न 32.1 इतिहास से 2) अंक ( और प्रश्न 32.2 भूगोल से 3) अंक (|
7. प्रश्न पत्र में समग्र पर कोई बिकल्प नहीं हैं |तदापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं |ऐसे प्रश्नों में केवल एक ही विकल्प का उत्तर लिखिए
8. इसके अतिरिक्त ,आवश्कतानुसार ,प्रत्येक भाग और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।

## SECTION:-A (खण्ड-अ)

Q1:-Who was proclaimed the king of united Italy in 1861? 1

A-Victor Emmanuel II B-William I C-Napoleon D- Louis Philippe

1861में एकीकृत इटली का राजा किसे घोषित किया गया ?

A-विक्टर इमेनुएल द्वितीय B- विलियम प्रथम C-नेपोलियन D- लुई फिलिप

Q2:-Who implemented the “Civil Code of 1804” in France? 1

A-Mazzini B-Napoleon C-Metternich D- William I

1804 में फ्रांस में नागरिक संहिता किसने लागू की ?

A-मेत्सिनी B- नेपोलियन C-मैटरनिख D-विलियम प्रथम

Q3-In which date Mahatma Gandhi reached Dandi ? 1

महात्मा गॉधी किस तारीख को दांडी पहुंचे ?

Q4:-Read the following features of a resources and name the related resources : 1

| |
|---|
| (a) These resources occur over a very long geological time.<br>(b) These resources take millions of years in their formation.<br>(c) Some of resources are recyclable and some are cannot be recycled and get exhausted with their use. |

नीचे लिखे गए किसी संसाधन के लक्षणों को पढिए और संबन्धित संसाधन का नाम बताइए।

| |
|---|
| (a) इन संसाधनों का विकास एक लंम्बे भू-वैज्ञानिक अंतराल में होता है ।<br>(b) इन संसाधनों के बनने में लाखो वर्ष लग जाते हैं ।<br>(C) इनमें से कुछ संसाधन पुन: चक्रीय हैं और कुछ अचक्रीय हैं व एक बार के प्रयोग के साथ ही खत्म हो जाते हैं । |

Or (अथवा)

Resources which are surveyed and their quantity and quality have been determined for utilization are known as:

(a) Potential resources (b) Stock resources

(c) Developed resources (d) reserve resources

ऐसे संसाधन जो ज्ञात हैं और जिनके उपयोग की मात्र और गुणवत्ता निश्चित है उन्हे कहते है

अ. संभाव्य संसाधन ब. भंडार संसाधन

स. विकसित संसाधन द. सुरक्षित संसाधन

Q5:-Write the amount of annual rainfall required for the cultivation of Rubber. 1

रबड की कृषि के लिए आवशयक वार्षिक वर्षा की मात्रा लिखो ।

Q6:-Which state is the largest producer of jute? 1

जूट का सबसे बडा उत्पादक राज्य कौन सा है ?

Q7:-In which state Jhumming agriculture is known as Pamlou? 1

कौन से राज्य में झूम कृषि को पामलू कहते हैं ?

Q8:-The iron and steel industry is the -------------------industry since all the other industries depend on it. 1

लोहा तथा इस्पात उद्योग एक -----------------------------उद्योग है क्योकि और सभी उद्योग इसी पर निर्भर है

Q9:-Consider the following statement regarding power sharing: - 1

1. Reduces conflict among different communities.
2. Undermines the unity of a country.
3. Accmmodates diversities

Choose the right option from the following:

(A)-1 and 3 (B)- 1 and 2 (C)- 3 and 2

सत्ता के बटबारे के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ।

1. विभिन्न समुदायों के बीच टकराव को कम करती है ।
2. देश की एकता को कम करती है ।
3. विविधताओं को अपने में समेट लेती है।

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(A) 1 और 3 (B) 1 और 2 (C) 3 और 2

Q10:- Correct the following statement and rewrite it. 1

Prudential reasons emphasise the very act of power sharing as valuable.

निम्नलिखित कथन को सही करके लिखिए :

युक्तिपरक तर्क सत्ता के बॅटबारे के अंतर्भूत महत्व को बताता है ।

OR (अथवा)

Power is shared among different organs of government .It is called vertical division of power.

शासन के विभिन्न अंग के बीच सत्ता के बटबारे को उर्ध्वाधर वितरण कहा जाता है ।

Q11:-Read the following information and write a single term for it. 1

| |
|---|
| A system of government in which the power is divided between a central authority and various constituent units of the country. |

निम्नलिखित जानकारी को पढिए और उसके लिए एक पारिभाषिक शब्द लिखिए।

| |
|---|
| इस व्यवस्था में सर्वोच्च सत्ता केंद्रीय प्राधिकार और देश की विभिन्न आनुषंगिक इकाइयों में बट जाती है । |

Or/ अथवा

In which Schedule of the Indian Constitution are the 22 Scheduled languages included?

भारतीय संविधान की किस अनुसूची में 22 भाषाओं को शामिल किया गया है?

Q12:-What is the base of Human Development Report to compare the development of a country? 1

A-The Education levels of the people B-Health status

C- Per capita income D- All the above

एक देश के विकाश की तुलना करने के लिए मानव विकास रिपोर्ट का क्या आधार होता है ?

A-लोगो का शैक्षिक स्तर B-स्वास्थ्य स्थिति

C- प्रति व्यक्ति आय D-सभी विशेषताऐ

Q13:- Write the full form of HDI. 1

एच डी आई को विस्तार से लिखिए ।

Or/ अथवा

What is per capita income? How is it calculated?

प्रति व्यक्ति आय क्या है? इसकी गणना कैसे होती है?

Q14:-Which is not example of informal Credit? 1

A- Bank B- Friends

C- Moneylenders C- Traders

कौंनसा उदाहरण अनौपचारिक साख का नहीं है ?

A- बैंक B- दोस्त

C- साहूकार C- व्यापारी

Q15 :- Which bank supervises the functioning of formal sources of credit ? 1

A- Cooperative Bank B- Commercial bank

C- State bank of India C- The Reserve Bank of India

कौन सा बैंक औपचारिक साख स्रोतों की कार्य प्रणली पर नजर रखता है ?

A- सहकारी बैंक B- व्यावसायिक बैक

C- भारतीय स्टेट बैक C- भारतीय रिजर्व बैक

Q16:-What is the basic function of foreign trade? 1

विदेशी व्यापार का बुनियादी कार्य क्या है ?

## SECTION –B खण्ड (ब)

Q17:-From the very beginning, the French revolutionaries introduced various measures and practices that could create a sense of collective identity amongst the French people. Mention any three measures. 3

प्रारम्भ से ही फ्रांसीसी क्रांतिकारियों ने ऐसे अनेक कदम उठाए जिनसे फ्रांसीसी लोगों में एक सामूहिक पहचान की भावना पैदा हो सकती थी । कोई तीन तरीके बताइए ।

OR (अथवा)

"Ideas of national unity in early nineteenth century Europe were closely allied to the ideology of liberalism ."Explain it.

यूरोप में उन्नीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में राष्ट्रीय एकता से संबधित विचार उदारवाद से करीब से जुडे थे। स्पष्ट कीजिए ।

Q18:- How could Non –Cooperation become a movement? What was Gandhi ji proposed?
असहयोग का विचार आन्दोलन कैसे बन सकता था ? गांधीजी का क्या सुझाव था ?

Q19:-What steps can be taken to control soil erosion in the hilly areas? 3

पहाडी क्षेत्रों में मृदा अपरदन की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाने चाहिए ?

Q20:- Mention the key features of federalism. 3

संघीय व्यवस्था की महत्वपूर्ण विशेषताऐं लिखिए ।

अथवा ( OR )

What is panchayati raj? Explain the Rural Local government. (1+2)

पंचायती राज किसे कहते हैं ? ग्रामीण स्थानीय सरकार का वर्णन कीजिए ।

Q21:-In which way the World Bank classifying different countries as rich and poor countries? Explain it. 3

विश्व बैंक किस प्रकार देशों को अमीर और गरीब देशों में बॉटता है ? वर्णन कीजिए ।

Q22:-Why is money accepted as a medium of exchange? 3

मुद्रा को विनिमय का माध्यम क्यों स्वीकार किया जाता है ?

## SECTION –C खण्ड (स)

Q23:-Read the source given below and answer the questions that follows: 4

The 1830s were years of great economic hardship in Europe. The first half of the nineteenth century saw an enormous increase in population all over Europe. In most countries there were more seekers of jobs than employment .Population from rural areas migrated to the cities to live in overcrowded slums. Small producers in towns were often faced with stiff competition from imports of cheap machine- made goods from England, where industrialization was more advanced than on the continent. This was especially so in textile production, which was carried out mainly in homes or small workshops and was only partly mechanized .In those regions of Europe where the aristocracy

still enjoyed power, peasants struggled under the burden of feudal dues and obligations. The rise of food prices or a year of bad harvest led to widespread pauperism in town and country.

नीचे दिए गए स्रोत को पढिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1830 का दशक यूरोप में भारी कठिनाइयाँ लेकर आया ।उन्नीसवीं सदी के प्रथम भाग में पूरे यूरोप में जनसंख्या में जबरदस्त वृध्दि हुई । ज्यादातर देशों में नौकरी ढूढ़ँने वालों की तादात उपलब्ध रोजगार से अधिक थी ?ग्रामीण क्षेत्रों की अतिरिक्त आबादी शहर जाकर भीड से भरी गरीब बस्तियों में रहने लगी।नगरों के लघु उत्पादकों को अकसर इंग्लैंड से आयातित मशीन से बने सस्ते कपडे से कडी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड रहा था।इग्लैंड में औधोगीकरण का स्तर महाद्वीप से ऊँचा था।महाद्वीप को यह प्रतिस्पर्धा कपडा- उधोग में ज्यादा झेलनी पड रही थी क्योंकि उसका उत्पादन मुख्यत: घरों और छोटे कारखानों में होता था और केवल आशिंक रूप से मशीनीकृत था।यूरोप के उन इलाकों में जहॉं कुलीन वर्ग अभी भी सत्ता में था, कृषक सामंती शुल्कों और जिम्मेदारिओं के बोझ तले दबे थे।खाने पीने की चीजों के मूल्य बढने या किसी वर्ष फसल के खराब होने के शहर और गॉंवों में व्यापक गरीबी फैल जाती थी।

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option:

Q23.1-Why did in the Europe population migrated from rural areas to the cities? 1

(A) For education (B) For medical

(C) For job (D) For recreation

बहुविकल्पीय प्रश्नों में से उचित उत्तर चुनिए:

यूरोप में ग्रामीण क्षेत्रों की आवादी शहर में जाकर क्यों रहने लगी ?

(A) शिक्षा के लिए (B) चिकित्सा के लिए

(C) नौकरी के लिए (D) मनोरंजन के लिए

Q23.2-The 1830's were years of great economic hardship in Europe. Because:- 1

(A) Increase in population (B) Migration of people from village to cities

(C)Industrial development in England (D)The aristocracy in power

1830 का दशक यूरोप भारी कठिनाइयों से भरा था।क्योंकि :-

(A) जनसंख्या वृध्दि (B)लोगों का गॉव से शहर की ओर आना

(C) इग्लैंड में औधोगिक विकास (D) कुलीन वर्ग का सत्ता में होना

Q23.3 Problems of farmers in Europe;- 1

(A) Bad harvest (B) Rise of food price

(C) Feudal dues (D) All the above

यूरोप में किसानों की समस्याऐं थीं:-

(A) खराब फसल (B) खाने पीने की चीजों के मूल्य बढना

(C) सामंती शुल्क (D) उपरोक्त सभी

Q23.4 Why the industrialization was more advanced in England than on the continent? 1

(A) Technological development (B) More population

(C) Development of agriculture (D) Raw material

इग्लैंड में औधोगीकरण का स्तर महाद्वीप से ऊँचा क्यों था ?

(A) तकनीकी विकास (B) अधिक जनसंख्या

(C) कृषि का विकास (D) कच्चा माल

Q24:- Read the source given below and answer the questions that follows: 4

Production of goods in large quantities after processing from raw materials to more valuable products is called manufacturing .Paper is manufactured from wood, sugar from sugarcane, iron

and steel from iron ore and aluminum from bauxite .Some types of clothes are manufactured from yarn which itself is an industrial product.

People employed in the secondary activities manufacture the primary materials into finished goods. The workers employed in steel factories, car, breweries, textile industries, bakeries etc,fall into this category. Some people are employed in providing services. The economic strength of a country is measured by the development of manufacturing industries.

नीचे दिए गए स्रोत को पढिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

कच्चे पदार्थ को मूल्यवान उत्पाद में परिवर्तित कर अधिक मात्रा में वस्तुओं के उत्पादन को विनिर्माण या वस्तु निर्माण कहा जाता है कागज लकडी से, चीनी गन्ने से, लोहा इस्पात लौह अयस्क से तथा एल्यूमिनियम बॉक्साइड से निर्मित है कई किस्म के कपडे ऐसे रेशों से बनते है जो रेशा उधोग में बनते है |

द्वितीयक कार्यों में लगे व्यक्ति कच्चे माल को परिष्कृत वस्तुओं में परिवर्तित करते हैं।स्टील,कार,कपडा उधोग,बेकरी तथा पेय पदार्थो संबंधी उधोगों में लगे श्रमिक इसी वर्ग के अंतर्गत आते हैं।कुछ व्यक्ति सेवाऐं प्रदान करने में रोजगार पाते है किसी देश की आर्थिक उन्नति विनिर्माण उधोगों के विकास से मापी जाती है ।

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option:

बहुविकल्पीय प्रश्नों में से उचित उत्तर चुनिए:

Q24.1- What are the services provided by people in the manufacturing industries? 1

(A) Banking (B) Provide raw material

(C) Making goods (D) Buying goods

विनिर्माण उधोग में लोग क्या सेवाऐं प्रदान करते हैं?

(A) बैकिंग (B)कच्चा माल देते हैं

(C) वस्तुऐं बनाते हैं (D) वस्तुऐं खरीदते हैं

Q24.2- Which work is not related to the manufacturing? 1

(A) Sugar from sugarcane (B) Agriculture

(C) Paper from wood (C) Clothes from cotton

कौनसा कार्य विनिर्माण से सम्बंधित नहीं है ?

(A) गन्ने से चीनी बनाना (B)कृषि

(C) लकडी से कागज बनाना (D) कपास से कपडा बनाना

Q24.3- Importance of manufacturing industries;- 1

(A) Increase export (B) Employment to people

(C) Foreign currency (D) All the above

विंनिर्माण उधोग का महत्व है-

(A) निर्यात में वृध्दि (B)लोगों को रोजगार

(C) विदेशी मुद्रा (D) उपरोक्त सभी

Q24.4- Which work is related to manufacturing industries? 1

(A) Fishing (B) Mining

(C) Bakeries (D) Dairy

कौन सा कार्य विनिर्माण उधोग से सम्बंधित है ।

(A) मछली पालन (B) खनन

(C) बेकरी (D) डेयरी

Q25:- Read the source given below and answer the questions that follows: 4

Expectations from democracy function as the criteria for judging any democratic country. What is most distinctive about democracy is that its examination never gets over. As democracy passes one test, it produces another test. As people get some benefits of democracy , they ask for more and

want to make democracy even better. That is why, when we ask people about the way democracy functions, they will always come up with more expectations, and many complaints .The fact that people are complaining is itself a testimony to the success of democracy: it shows that people have developed awareness and the ability to expect and to look critically at power holders and the highland the mighty. A public expression of dissatisfaction with democracy shows the success of the democratic project: it transforms people from the status of a subject into that of a citizen. Most individuals today believe that their vote makes a difference to the way the government is run and to their own self interest.

नीचे दिए गए स्रोत को पढिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

लोकतंत्र से लगाई गई उम्मीदों को किसी लोकतांत्रिक देश के मूल्यांकन का आधार भी बनाया जा सकता है लोकतंत्र की एक खासियत है कि इसकी जॉच परख और परीक्षा कभी खत्म नहीं होती।वह एक जॉच पर खरा उतरे तो अगली जॉच आ जाती है। लोगों को जब लोकतंत्र से थोडा लाभ मिल जाता है तो वे और लाभों की मॉग करने लगते हैं । वे लोकतंत्र से और अच्छा काम चाहते हैं । यही कारण है कि जब हम उनसे लोकतंत्र के कामकाज बारे में पूछते है तो वे हमेशा लोकतंत्र से जुडी अपनी अन्य अपेक्षाओं का पुलिंदा खोल देते हैं और शिकायतों का अंबार लगा देते हैं।शिकायतों का बने रहना भी लोकतंत्र की सफलता की गबाही देता है। इससे पता चलता है कि लोग सचेत हो गए हैं और वे सत्ता में बैठे लोगों के कामकाज का आलोचनात्मक मूल्याकंन करने लगे हैं । लोकतंत्र के कामकाज से लोगों का असंतोष जताना लोकतंत्र की सफलता को तो बताता ही है साथ ही वह लोगों के प्रजा से नागरिक बनने की गवाही भी देता है । आज अधिकांश लोग मानते हैं कि सरकार की चाल- ढाल पर उनके वोट से असर पडता है और यह उनके अपने हितों को भी प्रभावित करता है।

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option:
बहुविकल्पीय प्रश्नों में से उचित उत्तर चुनिए:

Q25.1 What is the effect of vote on the run of government? 1

(A) People can change the government (B) Development of work done by the government
(C)No effect of vote on the government (D) Government works under pressure

सरकार की चाल ढाल पर वोट का क्या असर पड़ता है ?

(A) लोग सरकार बदल सकते हैं (B)सरकार विकास के कार्य करती है

(C) सरकार पर वोट का असर नहीं पडता (D) सरकार दबाव में कार्य करती है

Q25.2- Which expectations people does not have with the democracy ? 1

(A) Health facility (B) Construction of own house
(C) Transport facility (D) Electric facility

लोगों की लोकतंत्र से कौन सी उम्मीद नहीं होती है ?

(A) स्वास्थ्य सुविधा की (B) अपना घर बनवाने की

(C) यातायात सुविधा की (D) विजली की सुविधा की

Q25.3 What kind of complaints are there in democracy? 1

(A) Corruption (B) Unemployment
(C) Less development (D) All the above

लोकतंत्र में किस तरह की शिकायतें रहती हैं ?

(A) भ्रष्टाचार (B)वेरोजगारी

(C) कम विकास (D) उपरोक्त सभी

Q25.4 Complaining itself a testimony to the success of democracy. 1

(A) Government listens complaints (B) Government fulfils complaints
(C) People have developed awareness (D) All the above

शिकायतों का बने रहना भी लोकतंत्र की सफलता की गवाही देता है।

(A) सरकार शिकयतों को सुनती है (B)सरकार शिकायतों को पूरा करती है

(C) लोग सचेत हो गए हैं (D) उपरोक्त सभी

Q26:- Read the source given below and answer the questions that follows: 4

In recent years, the central and state governments in India are taking special steps to attract foreign companies to invest in India. Industrial zones, called Special Economic Zones are being set up.SEZs are to have world class facilities:electricity,water,roads transport, storage ,recreational and educational facilities. Companies who set up production units in the SEZs do not have to pay taxes for an initial period of the five years.

Government has allowed flexibility in the labour laws to attract foreign investment. The companies in the organized sectors have to obey certain rules that aim to protect the workers rights. In the recent years, the government has allowed companies to ignore many of these. Instead of hiring workers on a regular basis, companies hire workers 'flexibly' for short periods when there is intense pressure of work.

नीचे दिए गए स्रोत को पढिए और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

हाल के वर्षो मे भारत की केंद्र एवं राज्य सरकारें भारत में निवेश हेतु विदेशी कंपनियों को आकर्षित करने के लिये विशेष कदम उठा रही हैं। औधोगिक क्षेत्रों, जिन्हे विशेष आर्थिक क्षेत्र कहा जाता है, की स्थापना की जा रही है। विशेष आर्थिक क्षेत्रों में विश्व स्तरीय सुविधायें - बिजली, पानी, सडक, परिवहन, भंडारण, मनोरंजन और शैक्षिक सुविधायें उपलब्ध होनी चाहिए। विशेष आर्थिक क्षेत्र में उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने वाली कंपनियों को आरंभिक पाँच वर्षो तक कोई कर नहीं देना पडता है।

विदेशी निवेश आकर्षित करने हेतु सरकार ने श्रम - कानूनों मे लचीलापन लाने की अनुमति दे दी है। संगठित क्षेत्रों की कंपनियों को कुछ नियमों का अनुपालन करना पडता है। जिसका उद्देश्य श्रमिक अधिकारों का संरक्षण करना है। हाल के वर्षो मे सरकार ने कंपनियों को अनेक नियमों से छूट लेने कि अनुमति दे दी है।अब नियमित आधार पर श्रमिकों को रोजगार देने के बजाय कंपनियों में जब काम का अधिक दबाव होता है, तो लोचदार ढंग से छोटी अवधि के लिए श्रमिकों को कार्य पर रखती है ।

Answer the following MCQs by choosing the most appropriate option:

बहुविकल्पीय प्रश्नों में से उचित उत्तर चुनिए:

Q26.1 Why did companies who set up production units in the SEZs do not pay taxes for an initial period of five years? 1

(A) For more profit (B) Flexibility given by the government

(C) Flexible law (D) Cause of foreign trade

आर्थिक क्षेत्र में उत्पादन इकाइयाँ स्थापित करने वाली कंपनियाँ आरंभिक पाँच वर्षों तक कोई कर क्यों नहीं देती?

(A) अधिक लाभ कमाने के लिए (B) सरकार द्वारा छूट देने के कारण

(C) लचीले कानून के कारण (D) विदेशी व्यापार के कारण

Q26.2 Government attract foreign companies to our country. Because- 1

(A) For foreign investment (B) For development of the country

(C)For employment (D) For more production

सरकार विदेशी कंपनियों को अपने देश में आकर्षित करती हैं ,क्योंकि:-

(A) विदेशी निवेश हेतु (B) देश के विकास के लिए

(C) रोजगार देने हेतु (D) अधिक उत्पादन हेतु

Q26.3 Companies hire workers for short period. Why? 1

(A) Less work (B) Companies run in loss

(C) Reduce the cost of labour (D) No demand of goods

अब कंपनियाँ श्रमिकों को छोटी अवधि के लिए रखती हैं क्यों ?

(A) काम कम है (B) कंपनियों घाटे में चल रही हैं

(C) श्रम लागत में कटौती करने के लिए (D) वस्तुओं की माँग नहीं है

Q26.4- Which facility are there in special economic zones ? 1

(A) Electricity (B) Storage

(C) Transport (D) All the above

विशेष आर्थिक क्षेत्र में कौन सी सुविधाएँ होती हैं ?

(A) बिजली (B) भण्डारण

(C) परिवहन (D) उपरोक्त सभी

**SECTION –D** खण्ड (द)

Q27:-In which way the middle – class people participate in the Non –Cooperation movement in the cities? Explain its impact on the economic front? 5

शहर के मध्यम वर्ग के लोगों ने असहयोग आंदोलन में किस प्रकार भाग लिया ? और आर्थिक मोर्चे पर इसका क्या प्रभाव पडा ?

(OR) अथवा

How did people belonging to different communities regions or language groups develop sense of collective belonging in India? Explain it.

भारत में विभिन्न समुदायों,क्षेत्रों या भाषाओं से संबध्द अलग-अलग समूहों ने सामूहिक अपनेपन का भाव कैसे विकसित किया ?

Q28:-'Road transport and rail transport in India are complementary to each other. 'Explain it. 5

सडक यातायात और रेल यातायात एक दूसरे के पूरक हैं ।स्पष्ट कीजिए ।

OR (अथवा)

Describe the major problems of road transport of India.

भारत की सडक यातायात की समस्याओं का वर्णन कीजिए ।

Q29:- Why power sharing is desirable? Explain it. 5

सत्ता की साझेदारी क्यों जरुरी है ? स्पष्ट कीजिए।

Q30:-What are the major functions of political parties? Explain it . 5

राजनीतिक दलों के क्या कार्य हैं ?स्पष्ट कीजिए ।

Q31:-In which way the service conditions of organized sector different from Unorganized sector? 5

असंगठित क्षेत्रक और संगठित क्षेत्रक में सेवा के नियम किस प्रकार अलग –अलग होते हैं ?

OR (अथवा)

How does tertiary sector help in the development of primary and secondary sectors?

तृतीय क्षेत्रक किस प्रकार प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रक के विकास में मदद करता है ?

**SECTION –E** खण्ड (इ)

Q32:- Map based question;

32.1 Two places A and B are marked on the given political outline map of India identify them and write their correct name on the lines draw near them. 2

(A) Jallianwalla bagh incident.

(B) The place where calling of non-cooperation moment.

32.2 On the same outline map of India locate and label any three of the following with appropriate symbols. 3

(I) Sardar Sarovar. - Dam

(II) Gaya – Mica’s mine

(III) Ankaleshwar – Oil field

(IV) Bhilai – Iron and steel industry

(V) Meenam Bakkam – International Airport

32.1 दो स्थान A और B भारत के राजनीतिक रेखा मानचित्र में अंकित किए गए हैं। उन्हे पहचानिए और उनके सही नाम लिखिए।

(A) जलियाँवाला बाग हत्याकांड

(B) वह स्थान जहाँ से असहयोग आंदोलन वापस लिया गया

32.2 भारत के इसी रेखा मानचित्र में निम्नलिखित किन्ही तीन को उपयुक्त चिन्हों को अंकित कर नाम लिखिए;

(I) सरदार सरोवर - बाँध

(II) गया - अभ्रक की खदान

(III) अंकलेश्वर - तेल क्षेत्र

(IV) भिलाई - लोहा और इस्पात संयंत्र

(V) मीनाबक्कम - अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तन

**NOTE: The following questions are for the visually impaired candidates only in lieu of Q.No.32 . Attempt any five questions :-** (1x5=5)

(32.1) Name the state where cotton mill workers organized satyagraha.

(32.2) Name the state where Indian National Congress session was held in December 1920.

(32.3) Name the place where Mahatma Gandhi violated the salt law.

(32.4) Name the state where paradwip sea port located.

(32.5) Name the state where salem iron and steel plant located.

(32.6) Name the state where digboi oil field located.

(32.7) Nmae the state salal project located.

नोट:- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 32 के स्थान पर है। कोइ पाँच प्रश्न हल करो:- (1x5=5)

(32.1) उस राज्य का नाम जहाँ कपड़ा कारखानो के मज़दूरों ने सत्याग्रह किया ।

(32.2) उस राज्य का नाम जहाँ दिसम्बर 1920 भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(32.3) उस स्थान का नाम जहाँ महात्मा गाँधी ने नमक कानून का उल्लघंन किया।

(32.4) उस राज्य का नाम जहाँ पारादीप बंदरगाह स्थित है।

(32.5) उस राज्य का नाम जहाँ सेलम लोहा और इस्पात संयंत्र स्थित है।

(32.6) उस राज्य का नाम जहाँ डिगबोई तेल क्षेत्र स्थित है।

(32.7) उस राज्य का नाम जहाँ सलाल प्रोजेक्ट स्थित है।

**Map for Q.No. 32.1 and 32.2 :-**

